**कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

संख्या: एम0ई0–3/2022/760 लखनऊः दिनांक 04 अप्रैल 2022

**राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज, गोरखपुर तथा कन्नौज में बी0एस0सी0 (नर्सिंग) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की सीटों पर प्रवेश के संबंध में समय–सारिणी**

राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज, गोरखपुर तथा कन्नौज (40 सीटप्रति कालेज) में बी0एस0सी0 (नर्सिंग) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की सीटों पर काउंसिलिंग के माध्यम से आवंटन/प्रवेश हेतु समय–सारिणी निम्नवत् हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आनलाईन पंजीकरण की तिथि | दिनांक 04 अप्रैल 2022 सायं 5:00 बजे से दिनांक 06 अप्रैल 2022 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| 2 | पंजीकृत अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट घोषित किये जाने की तिथि | दिनांक 06 अप्रैल 2022 |
| 3 | सीट आंवटन की तिथि | दिनांक 07 अप्रैल 2022 प्रातः 10:00 बजे से |
| 4 | प्रवेश लेने की तिथि | On Spot Admission |

## काउंसिलिंग स्थल–कलाम सेन्टर, के0जी0एम0यू0, लखनऊ

- **बी0एस0सी0 (नर्सिंग) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की उपरोक्त सीटों पर आवंटन हेतु केवल वही अभ्यर्थी अर्ह होंगे, जिन्होने नीट यू0जी0 2021 की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।**
- **नीट यू0जी0 2021 के माध्यम से ऑल इण्डिया कोटा/स्टेट कोटा की एम0बी0बी0एस0 /बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों पर प्रवेशित अभ्यर्थी उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्ह नहीं होंगे।**
- कांउसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु सभी अभ्यर्थियो को वेबसाईट https://upneet.gov.in पर पंजीकरण शुल्क रू0 1000/– ऑन–लाईन जमा करते हुये पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- पंजीकृत अभ्यर्थियोंको शैक्षिक/आरक्षण सम्बन्धी मूल अभिलेखों का सत्यापन काउंसिलिंग स्थल **'कलाम सेन्टर, के0जी0एम0यू0, लखनऊ'** में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर कराना अनिवार्य होगा।
- मूल शैक्षिक अभिलेख न होने की दशा में अभ्यर्थी काउंसिलिंग में प्रतिभाग नही कर सकेंगे।
- अभ्यर्थियों द्वारा धरोहर धनराशि (Security Money) **रू0 10,000/–** का बैंक द्वारा निर्गत **सी0टी0एस0** बैक ड्राफ्ट जो "**महानिदेशक, चिकित्साशिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0** (Director General, Medical Education & Training, U.P. payable at Lucknow) के पक्ष मे देय होगा, अभिलेखों के सत्यापन के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
- अभ्यर्थियों द्वारा शैक्षिक शुल्क (Tuition Fee) **रू0 30,000/–** का बैंक द्वारा निर्गत **सी0टी0एस0** बैक ड्राफ्ट जो "**महानिदेशक, चिकित्साशिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0** (Director General, Medical Education & Training, U.P. payable at Lucknow) के पक्ष मे देय होगा, अन्यथा प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।
- अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये विकल्प पर आवंटन होने की दशा में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। प्रवेश न लेने की दशा में धरोहर धनराशि (Security Money) जब्त कर ली जायेगी।
- शेष शर्ते यू0पी0 नीट यू0जी0 2021 हेतु जारी शासनादेश एवं ब्रोशर के अनुसार यथावत रहेंगी।
- आवंटन/प्रवेश की कार्यवाही सीट उपलब्ध रहने तक ही की जायेगी।
- महत्व पूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट https://upneet.gov.in & www.dgme.up.gov.in पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

**महानिदेशक।**

संख्या–एम0ई0–3/2022/ तद्दिनांक/